दिनांक 28 मार्च 2018

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगमायुक्त एस.के. सुंदरानी ने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट में मिशन अमृत योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक ली

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने आज अचानक 77 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तत्पश्चात आयुक्त ने विभिन्न किए जा रहे कार्यों को लेकर जानकारी मांगी जिस पर उपस्थित जल विभाग के कार्यपालन अभियंता जवाब नहीं दे पाए तब अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह ने किए गए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया!
आयुक्त महोदय ने कहा कि तकनीकी सलाह लेकर एवं विभिन्न संबंधित विभाग के साथ बैठक कर काम करें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पेयजल व्यवस्था ने बाधा उत्पन्न न हो!
कार्यपालन अभियंता जल कार्य को पूछने पर की मोटर, पैनल एवं ट्रांसफार्मर से संबंधित क्षमता का अवलोकन आप किस प्रकार करते हैं इस पर जवाब नहीं दे पाने के कारण आयुक्त महोदय ने नाराजगी व्यक्त की और यह कहा कि प्रोटोकोल निर्धारित करें जिसमें तापमान ,आईल ,ग्रीस, दवाई की मात्रा का आकलन एवं समय-समय पर सभी आवश्यक कार्यों का अवलोकन स्वयं करें साथ ही प्रत्येक जरूरी कार्य के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करें

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''
''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''